# अध्याय - 4 | वन्य-समाज और उपनिवेशवाद

## QUIZ-01

1. **भारत में पहले इंस्पेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट्स के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?**
   A. जॉर्ज यूल  B. डायट्रिच ब्रैंडिस
   C. विलियम वार्ड  D. डिर्क वान होजेंडॉर्प  (B)

*व्याख्या:* जर्मन विशेषज्ञ डायट्रिच ब्रैंडिस को वनों के वैज्ञानिक प्रबंधन और स्थानीय लोगों की पहुँच को नियंत्रित करने के लिए नियुक्त किया गया था।

2. **औपनिवेशिक काल में भारत में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई का मुख्य कारण क्या था?**
   A. मंदिर निर्माण  B. कृषि का विस्तार
   C. रेलवे के लिए लकड़ी की आपूर्ति  D. आवास निर्माण  (C)

*व्याख्या:* रेलवे पटरियों के लिए लाखों लकड़ी के स्लीपरों की आवश्यकता के कारण बड़े पैमाने पर वनों की कटाई हुई।

3. **उपनिवेशी वानिकी के तहत एक ही प्रकार के पेड़ को सीधी पंक्तियों में लगाने की प्रणाली क्या थी?**
   A. जैव विविधता खेती  B. मिश्रित फसल
   C. वैज्ञानिक वानिकी  D. प्राकृतिक खेती  (C)

*व्याख्या:* वैज्ञानिक वानिकी के तहत प्राकृतिक वनों को हटाकर एक ही प्रकार के वृक्षों के बागान लगाए गए।

4. **1878 के भारतीय वन अधिनियम के तहत वनों को कितने प्रकार में विभाजित किया गया था?**
   A. घने, विरल, गांव वन
   B. आरक्षित, संरक्षित, ग्रामीण वन
   C. उष्णकटिबंधीय, शुष्क, आर्द्र वन
   D. स्थानांतरित, स्थायी, प्रवासी वन  (B)

*व्याख्या:* वनों को आरक्षित, संरक्षित और ग्रामीण वनों में विभाजित किया गया, जिनमें आरक्षित वन सबसे अधिक नियंत्रण में थे।

5. **मध्य भारत में स्थानांतरित खेती को किस नाम से जाना जाता था?**
   A. लाडिंग  B. चेना
   C. बेवर  D. मिल्पा  (C)

*व्याख्या:* मध्य भारत में स्थानांतरित खेती को स्थानीय रूप से 'बेवर' कहा जाता था।

6. **1910 के बस्तर विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?**
   A. गुंडा धूर  B. भोंडिया मांझी
   C. विलियम वार्ड  D. सुरोंटिको सामिन  (A)

*व्याख्या:* बस्तर विद्रोह के दौरान नेतनार गांव के गुंडा धुर एक प्रमुख नेता के रूप में उभरे।

7. **जावा में कौन-सी समुदाय वन काटने में कुशल थी और डच नियंत्रण के खिलाफ विद्रोह कर रही थी?**
   A. हुईटोतोस  B. सामिनवादी
   C. कलांग  D. बंजारों  (C)

*व्याख्या:* कलांग समुदाय वनों के विशेषज्ञ थे और डचों के नियंत्रण के प्रयासों का विरोध कर रहे थे।

8. **जावा में ब्लैन्डॉगाडिएन्स्टेन प्रणाली क्या थी?**
   A. नकद कर भुगतान  B. वनों में मुफ्त श्रम
   C. गांव व्यापार समझौते
   D. स्थानीय लोगों द्वारा बागान प्रबंधन  (B)

*व्याख्या:* ब्लैन्डॉगाडिएन्स्टेन प्रणाली के तहत ग्रामीणों को वन कार्यों के लिए मुफ्त श्रम प्रदान करना पड़ता था।

9. **जावा में किसने यह तर्क दिया कि हवा, पानी और लकड़ी राज्य की संपत्ति नहीं हो सकती?**
   A. डिर्क वान होजेंडॉर्प  B. सुरोन्तिको सामिन
   C. गुंडा धुर  D. डेब्रेट  (B)

*व्याख्या:* सुरोन्तिको सामिन ने डच सरकार द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के स्वामित्व को चुनौती दी और एक आंदोलन का नेतृत्व किया।

10. **1980 के दशक से एशिया और अफ्रीका में वानिकी नीति में क्या बदलाव आया?**
    A. लकड़ी संग्रह में वृद्धि
    B. ग्रामीणों पर सख्त प्रतिबंध
    C. समुदाय की भागीदारी के साथ वन संरक्षण पर जोर
    D. वाणिज्यिक खेती का प्रचार  (C)

*व्याख्या:* सरकारों ने महसूस किया कि स्थानीय समुदायों को शामिल किए बिना वनों का संरक्षण संभव नहीं है।